भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2989 का उत्तर

रेचनी रोड और मंदमारि रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव

2989. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि तेलंगाना के मंचिर्याल ज़िले में रेचनी रोड और मंदमारि रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 17003/17004 (रामागिरी एक्सप्रेस) और 17033/17034 (सिंगारेनी एक्सप्रेस) सहित महत्वपूर्ण यात्री रेलगाड़ियों का ठहराव नहीं हैं, जिससे बढ़ती आबादी, कोयला उद्योग के कर्मचारियों और सीमित रेल संपर्क के दृष्टिगत इस क्षेत्र में प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्रियों, मज़दूरों और छात्रों को कठिनाई हो रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इस संबंध में उठाए गए कदम क्या हैं;

(ख) क्या रेचनी रोड और मंदमारि स्टेशन पर उपरोक्त रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यात्रियों की संख्या, परिचालन व्यवहार्यता और राजस्व निहितार्थों के संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी परिणाम का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का उक्त रेलगाड़ियों के ठहराव को स्वीकृति देने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो इसके कार्यान्वयन का ब्यौरा और समय-सीमा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को जानकारी है कि रेचनी रोड स्टेशन पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए अपर्याप्त है, जिससे विशेषकर बुज़ुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षा जोखिम पैदा हो रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज के विस्तार/निर्माण के लिए किसी प्रस्ताव की जाँच की गई है या उसे मंज़ूरी दी गई है और यदि हाँ, तो अनुमानित लागत और कार्य-निष्पादन के लिए समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): वर्तमान में, रेचनी रोड 08 गाड़ियों से सेवित हैं, जिनकी सूची नीचे दी गई है, जो अन्य स्थानों के साथ-साथ सिकंदराबाद, बल्हारशाह, सिरपूर कागज नगर, बीदर, करीम नगर को जोड़ती हैं।

क्र.सं.	गाड़ी सं. एवं गाड़ी का नाम
1.	17035 काज़ीपेट-बल्हारशाह एक्सप्रेस
2.	17234 सिरपूर कागज नगर-सिकंदराबाद भाग्यनगर एक्सप्रेस
3.	17036 बल्हारशाह-काज़ीपेट एक्सप्रेस
4.	67772 करीम नगर सिरपूर टाउन एमईएमयू
5.	17011 हैदराबाद-सिरपूर कागज नगर एक्सप्रेस
6.	67771 सिरपूर टाउन-करीम नगर एमईएमयू
7.	17012 सिरपूर कागज नगर-बीदर एक्सप्रेस
8.	17233 सिरपूर कागज नगर-सिकंदराबाद भाग्यनगर एक्सप्रेस

इसी प्रकार, मंदमारि स्टेशन 05 गाड़ियों से सेवित है, जिनकी सूची नीचे दी गई है, जो सिकंदराबाद, बल्हारशाह, सिरपूर कागज नगर, करीम नगर सहित अन्य स्थानों को जोड़ती है।

क्र.सं.	गाड़ी सं. एवं गाड़ी का नाम
1.	17036 बल्हारशाह- काज़ीपेट एक्सप्रेस
2.	67772 करीम नगर- सिरपूर टाउन एमईएमयू
3.	17011 हैदराबाद-सिरपूर कागज नगर एक्सप्रेस
4.	67771 सिरपूर टाउन-करीम नगर मेमू
5.	17012 सिरपूर कागज नगर-बीदर एक्सप्रेस

इसके अलावा, भारतीय रेल में गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान करना खंडों पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफार्म की लंबाई आदि जैसी समान अवसंरचना की उपलब्धता सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि पर आधारित एक सतत् प्रक्रिया है।

अन्य कार्यों के साथ-साथ गाड़ियां शुरू करने/बहाल करने के लिए संसद सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूँकि ऐसे प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव प्राप्त होना एक सतत् एवं गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए उनका केंद्रीकृत संकलन नहीं रखा जाता। बहरहाल, इनकी

जांच की जाती है और समय-समय पर यथा व्यवहार्य एवं उपयुक्त कार्रवाई की जाती है, जो एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

रेचनी रोड एक गैर उपनगरीय स्तर-06 श्रेणी का स्टेशन है। वर्तमान में, इस स्टेशन पर न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के मानदंडों के अनुसार 01 ऊपरी पैदलपार पुल उपलब्ध है। यह वर्तमान यातायात स्तर को संभालने के लिए पर्याप्त है। बहरहाल, अतिरिक्त ऊपरी पैदल पार पुल की व्यवस्था सहित यात्री सुविधाओं का उन्नयन एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, जो यातायात की मात्रा, निधि की उपलब्धता के अध्यधीन कार्यों की पारस्परिक प्राथमिकता पर निर्भर करती है।

******